

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

# प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**भारत का आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है; लोक सभा अध्यक्ष**

****

**दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में माले घोषणा को स्वीकार किया गया**

****

**घोषणा में समान पारिश्रमिक सहित कार्य स्थल पर समानता को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए रोज गार का सृजन करने के संबंध में एक साथमिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया**

****

**एशिया प्रशांत क्षेत्र में मातृ, शिशु और किशोरावस्था के प्रोत्साहन के लिए पोषण और खाद्य सुरक्षा को प्रेरक के रूप में स्वीकार किया गया।**

****

**माले (मालदीव), 02 सितम्बर, 2019**: सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने संबंधी दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मेलन,जिसमें लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में शामिल भारतीय संसदीय शिष्ट मंडल भाग ले रहा है, ने आज अपनी कार्यवाही जारी रखी। शिखरसम्मेलन के समापन पर माले घोषणा, जिसके अंतर्गत समान पारिश्रमिक सहित कार्य स्थल पर समानता को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए रोजगार कासृजन करने के संबंध में सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता; एशिया प्रशांत क्षेत्र में मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य के प्रोत्साहन के लिए पोषणऔर खाद्य सुरक्षा को प्रेरक मानने; और पेरिस समझौते को लागू करने संबंधी चुनौतियों से निपटना तथा इसको मजबूती प्रदान करने के अवसरों काउपयोग करना आदि शामिल थे, को स्वीकार किया गया ।

शिखर सम्मेलन के साथ-साथ श्री ओम बिरला ने भूटान असेंबली के अध्यक्ष महामहिम वांगचुक नामग्याल और उनके शिष्टमंडल के सदस्य के साथद्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता की। चर्चा से पहले, भारत और भूटान के शिष्टमंडल के सदस्यों ने खड़े होकर स्व. श्री अरुण जेटली और श्रीमती सुषमा स्वराज कोश्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय शिष्टमंडल ने बंगलादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका से आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ द्विपक्षीय हितों के मामलों परव्यापक चर्चा की ।

शिखर सम्मेलन के समापन पर श्री ओम बिरला ने सम्मेलन का आयोजन करने और शानदार मेजबानी के लिए मालदीव की संसद के अध्यक्ष औरमहासचिव का धन्यवाद किया ।

इससे पहले सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने संबंधी दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मेलन  का 1 सितंबर 2019 को माले में पीपुल्स मजलिस आ□फ मालदीव के स्पीकर द्वारा उद्घाटन किया गया था।  इस शिखर सम्मेलन का कार्य पूर्ण रूप से तब प्रारंभ हुआ जब इसमें भाग लेने वाले सभी पीठासीन अधिकारियों ने पिछले वर्ष जुलाई में आयोजित तीसरे शिखर सम्मेलन में स्वीकृत की गई कोलंबो घोषणा पर उनकी संसदों द्वारा की गई अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

लोक सभा अध्यक्ष श्री बिरला ने शिखर सम्मेलन में कोलंबो घोषणा के संबंध में भारत की संसद द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में विस्तार से बताया। श्री बिरला ने कहा कि भारतीय संसद ने नियमित रूप से सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे को उठाया है तथा संसद के सदस्यों ने इससे संबंधित चर्चाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया है। श्री बिरला ने यह भी बताया कि भारत का आर्थिक विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ घनिष्ठता से जुड़ा हुआ है तथा इस स्थिति में इसका मुख्य बल हरित विकास पर है। श्री बिरला ने वहां उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि भारत में संसद सरकार द्वारा नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करने के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों से उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर सहमति बनाने तथा नीति निर्माण की प्रक्रिया में मार्गदर्शन करने में मुख्य भूमिका निभा रही है। इस फीडबैक को पीठासीन अधिकारियों और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने सहर्ष स्वीकार किया।

मध्यान्ह पश्चात, शिखर सम्मेलन में दो सत्रों में विचार-विमर्श किया गया, नामत: "समान पारिश्रमिक सहित कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देना तथा युवाओं के लिए नौकरियों का सृजन करना " और "सतत विकास लक्ष्य संख्या 2 और 3 – एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मातृ, शिशु और किशोर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में सहायक के रूप में पोषण और खाद्य सुरक्षा"। राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने दोनों सत्रों में भाग लिया।

**“India’s Economic Development is closely aligned with Environmental Protection”: Lok Sabha Speaker**

**.......................**

**South Asian Speakers’ Summit adopts Male Declaration**

**....................**

**Declaration reiterates commitment to work collectively on promoting equality at work including equal remuneration and creating jobs for young people**

**....................**

**Also acknowledges nutrition and food security as drivers of maternal, child and adolescent health in the Asia-Pacific Region**

......................

**Male (Maldives), 2 September 2019**: The Fourth South Asian Speakers’ Summit on achieving SDGs, which is being attended by an Indian Parliamentary Delegation led by Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, resumed its proceedings today. At the conclusion of the Summit, Male Declaration which included commitments to work collectively on Promoting Equality at Work including Equal Remuneration and Creating Jobs for Young People; Nutrition and Food Security as drivers of Maternal, Child and Adolescent Health in the Asia Pacific Region; and Overcoming Challenges and Utilising Opportunities to Strengthen the Regional Agenda for Delivering on Paris Agreement; was adopted.

On the sidelines of the Summit, Shri Om Birla held bilateral talks with Speaker of Bhutan Assembly H.E. Wangchuk Namgyel and members of his Delegation. Before discussions, Members of the Indian and Bhutanese Delegations stood up to pay respect to Late Shri Arun Jaitley and Smt Sushma Swaraj. The Indian Delegation also held detailed deliberations with the Parliamentary Delegations from Bangladesh, Afghanistan and Sri Lanka on matters of bilateral interest.

At the conclusion of the Summit, Shri Birla thanked the Speaker and Secretary General of Maldives Parliament for organizing the Conference and wonderful hospitality.

Earlier, the Fourth South Asian Speakers' Summit on achieving SDGs was inaugurated by the Speaker of Peoples Majlis of Maldives in Male on 1 September 2019. The Summit business commenced with the Plenary wherein all the participating Presiding Officers reported upon the follow up by their respective Parliaments on the Colombo Declaration, brought out in the Third Summit held there in July last year.

Lok Sabha Speaker Shri Birla informed the Summit in detail about the various measures initiated by Parliament of India pursuant to Colombo Declaration. Shri Birla said that the Indian Parliament has regularly taken up the issue of Sustainable Development Goals (SDGs) and that the Members of Parliament have enthusiastically participated in the deliberations on the same. Shri Birla added that India's economic development is closely aligned with environmental protection and under this paradigm its emphasis is on green development. Shri Birla told the assembled delegates that in India the Parliament is playing a key role in consensus building and providing guidance to the policy making process on issues arising out of SDGs alongside monitoring the implementation of these policies by the government. The feedback was very well received by the Presiding Officers and Delegates attending the Summit.

In the afternoon, the Summit deliberated in two sessions, namely, on "Promoting equality at work including equal remuneration and creating jobs for young people" and "Achieving SDGs 2 and 3 - Nutrition and food security as drivers of maternal, child and adolescent health in the Asia-Pacific region". Shri Harivansh, Deputy Chairman, Rajya Sabha participated in the two sessions.